दिन– गुरूवार दिनांक– 18 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या का मुख्य आरोपी काजिम अंसारी गिरफ्तार। पुलिस ने कहा – पैसों के लेन–देन में की गयी हत्या।

02. नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पटना एम्स के तीन चिकित्सकों को हिरासत में लिया। मामले से जुड़ी चालीस से अधिक याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई।

03. पटना में आज से शुरू होगा दो दिवसीय वस्त्र निवेशक सम्मेलन। केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे उद्घाटन।

04. और, हैदराबाद में बीस जुलाई को खनन, उत्खनन हेकाथॉन का होगा आयोजन। बिहार के तीन क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक की सफल बोली लगाने वालों की होगी घोषणा।

---

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हत्याकांड के मुख्य आरोपी काजिम अंसारी को घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के सुपौल से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि काजिम ने जीतन सहनी से डेढ़ लाख रूपये ब्याज पर लिये थे। पैसे नहीं चुका पाने के कारण काजिम ने उनकी हत्या कर दी। एसएसपी ने बताया कि आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए वारदात की विस्तृत जानकारी दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छोपमारी की जा रही है। इस बीच, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा है कि वे अब तक की पुलिस जांच से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि जो भी गुनहगार पाये जाते हैं उस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

---

नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम ने पटना एम्स के तीन चिकित्सकों को हिरासत में लिया है। इन तीनों पर प्रश्न पत्र हल करने का आरोप है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने देर रात इन चिकित्सकों को

हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ की है। संबंधित चिकित्सकों के लैपटॉप और कम्प्यूटर भी जब्त किये गये हैं। इस बीच, सीबीआई ने मामले में गिरफ्तार राजू सिंह और पंकज कुमार को कल पटना स्थित विशेष अदालत में पेश किया और दस दिन की रिमांड मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इधर, नीट परीक्षा में अनियमितता के मामले को लेकर दायर याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ चालीस से अधिक याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगी।

---

पूर्व विधायक गुलाब यादव और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव हंस के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में करोड़ों रूपये की चल–अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चार शहरों में बीस से अधिक ठिकानों पर दो दिन तक चली छापेमारी में जांच एजेंसी को कई महत्वपूर्ण कागजात भी मिले हैं। गुलाब यादव के खाते में चार करोड़ रूपये मिले हैं। वहीं, संजीव हंस के यहां चालीस लाख रूपये मूल्य की घड़ी और जेवरात बरामद की गयी है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

---

बेगूसराय के बछवारा डाकघर में पदस्थापित चार कर्मियों के खिलाफ सैंतीस लाख रूपये से अधिक के गबन के मामले में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। प्राथमिकी में उप डाकपाल मोहन कुमार, डाक सहायक रंजय प्रसाद ,शाखा डाकपाल युगल किशोर और गोरख चौधरी पर अवैध रूप से पैसे की निकासी का आरोप है।

---

पटना में आज से दो दिवसीय वस्त्र निवेशक सम्मेलन शुरू हो रहा है। कपड़ा मंत्रालय और एपरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य बिहार में कपड़ा क्षेत्र में नई संभावनाओं का पता लगाना और निवेश को बढ़ावा देना है। केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और राज्य सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र संयुक्त रूप से सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में कई नामचीन कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

---

हैदराबाद में आगामी बीस जुलाई को आयोजित होने वाले खनन, उत्खनन हेकाथॉन में बिहार समेत देश के कुल आठ क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक की सफल बोली लगाने वालों की घोषणा होगी। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इन आठ ब्लॉक में से तीन ब्लॉक बिहार के हैं। इनमें ग्लूकोनाइट, निकेल, क्रोमियम और प्लैटिनम ग्रुप एलीमेंट के संभावित खान हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि इन तीन खदानों के शुरु होने पर प्रदेश में आर्थिक विकास के साथ ही रोजगार सृजन भी होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जीवंत खनन ईको सिस्टम विजन से प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज होगी।

---

रेलवे सुरक्षा बल–आरपीएफ ने पिछले सात वर्षों के दौरान नन्हे फरिश्ते ऑपरेशन के तहत चौरासी हजार से अधिक बच्चों को बचाया है। रेल मंत्रालय के अनुसार नन्हे फरिश्ते विभिन्न भारतीय रेलवे जोन में देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों को बचाने के लिए समर्पित एक मिशन है। मंत्रालय ने कहा कि बचाए गए बच्चे को जिला बाल कल्याण समिति को सौंप दिया जाता है, जो बच्चे को माता–पिता को सौंप देती है। बचाए गए बच्चों में घर से भागे हुए, लापता, बेसहारा, अपहृत, मानसिक रूप से विकलांग और सड़क पर रहने वाले बच्चे हैं।

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में संबंधित अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में दस वर्ष की छूट नहीं मिलेगी। पटना उच्च न्यायालय के फैसले के आलोक में शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन, डीएलएड में नामांकन के लिए संस्थावार कटऑफ लिस्ट के साथ पहली मेधा सूची जारी कर दी है। नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू होगी। चयनित अभ्यर्थी तेईस जुलाई तक नामांकन ले सकते हैं।

---

प्रदेश के सभी विद्यालय और महाविद्यालय में सखी शिकायत सेल की स्थापना की जाएगी। महिला और बाल विकास निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार यौन शोषण के मामलों की सुनवाई के लिए नौ हजार दो सौ माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के अलावा महाविद्यालयों में भी इस सेल की स्थापना होगी। यहां छात्राएं और शिक्षिकाएं लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न की शिकायत कर सकती हैं।

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, घाघरा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा, परमान और अधवारा समूह की नदियां उफान पर हैं।

---

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि बसुआ में कोसी नदी का जलस्तर चेतावनी के स्तर से ऊपर बना हुआ है। जिले के पांच प्रखंड के निचले इलाकों में अभी भी बाढ़ का पानी जमा है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले के पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, मरौना, निर्मली और सरायगढ़–भपटियाही के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी अभी भी जमा है। इन इलाकों में जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क नाव की व्यवस्था की गई है। कटाव वाले स्थान की पहचान कर उन स्थानों पर राहत और बचाव कार्य किये जा रहे हैं। जल संसाधन विभाग के अभियंता कोसी नदी के तटबंधों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रवि शंकर चौधरी।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में कोसी और गंगा नदी का पानी निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

–––बाईट–––

जिले के गोपालपुर, खरीक, कहलगांव, घोघा, सबौर और नाथनगर के दियारा वाले क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हैं। गंगा के जलस्तर के बढ़ने के कारण नवगछिया एसडीओ ने गोपालपुर प्रखंड के बांध और कटाव स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित जल संसाधन विभाग और बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल नवगछिया के अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिया। गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही कहलगांव प्रखंड के बीरबन्ना पंचायत और इसके आसपास के निचले क्षेत्रों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन राहत और बचाव कार्य कर रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

पूर्णियां जिले में महानंदा, कनकई, परमान और बकरा नदियों की धारा में परिवर्तन और कटाव से बैसा, बायसी तथा अमौर प्रखंड के लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले के बायसी अनुमंडल में महानंदा, कनई, परमान, बकरा समेत अन्य नदियों के जलधारा में हो रहे परिवर्तन और कटाव से बाईसा, बायसी और अमौर प्रखंड के लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। इन नदियों के किनारे बसे कई गांव के लोग अब भूमि विहीन हो चुके हैं। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से विस्थापितों के रहने की व्यवस्था की जा रही है। विस्थापितों का कहना है कि बांध बनने या अन्य कोई उपाय नहीं होने तक यह समस्या बनी रहेगी। बायसी अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया है कि अधिकारियों की ओर से सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और सभी को राहत और क्षतिपूर्ति राशि दी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

गोपालगंज में गंडक नदी के जलस्तर में कमी आई है लेकिन नदी का जलस्तर अभी भी डुमरियाघाट पर लाल निशान से सत्तावन सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। सदर प्रखंड के कुछ गांव अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––बाईट–––

जिले में गंडक नदी के जलस्तर में कमी हो रही है, लेकिन जिले के सदर प्रखंड के कुछ गांव अभी भी बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं। हालांकि वाल्मीकि बराज से पानी का डिस्चार्ज कम हो रहा है। रामनगर, जागीरी टोला, सेमराही, राजवाही में कई क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हैं, जिससे ग्रामीण मवेशियों के साथ बांध और ऊंचे स्थान पर शरण लिए हुए हैं। जिला प्रशासन की ओर से नाव की व्यवस्था की गई है, लेकिन कोई सामुहिक रसोई शुरू नहीं की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश कुमार तिवारी।

इधर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, शिवहर, अररिया और सहरसा जिले में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार आया है।

---

राज्य सरकार ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए इकतीस जिलों के सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां पंद्रह सितम्बर तक रद्द कर दी है। अरवल, औरंगाबाद, बांका, गया, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, नवादा और रोहतास जिले को छोड़कर सभी जिलों में यह आदेश प्रभावी होगा।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से एक बार फिर लोगों को तेज धूप और उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान

अड़तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने जीतन सहनी हत्याकांड मामले के खुलासे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – जीतन सहनी की हत्या पैसों के लेन–देन में हुई।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – मुख्य आरोपी काजिम अंसारी गिरफ्तार, देर रात हुयी थी हत्या।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव पर दर्ज गैंगरेप केस को एसएसपी ने जांच में सही पाया। पटना के रूपसपुर थाने में ग्यारह धाराओं में दर्ज हुआ था केस।

**प्रभात खबर** लिखता है – कर्नाटक में निजी क्षेत्र में आरक्षण के फैसले पर रोक।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है – महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमा पर बारह नक्सली ढेर।

**आज** अखबार की सुर्खी है – सीएम कल करेंगे लॉ एंड ऑर्डर पर महा–मंथन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या का मुख्य आरोपी काजिम अंसारी गिरफ्तार। पुलिस ने कहा – पैसों के लेन–देन में की गयी हत्या।

02. नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पटना एम्स के तीन चिकित्सकों को हिरासत में लिया। मामले से जुड़ी चालीस से अधिक याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई।

03. पटना में आज से शुरू होगा दो दिवसीय वस्त्र निवेशक सम्मेलन। केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे उद्‌घाटन।

04. और, हैदराबाद में बीस जुलाई को खनन, उत्खनन हेकाथॉन का होगा आयोजन। बिहार के तीन क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक की सफल बोली लगाने वालों की होगी घोषणा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।